देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 211 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**खेती में सुधार जरूरी



# पेज श्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 25 नवंबर 2021



मौसम अधिकतम 22.0° न्यूनतम 11.0°

40243.39

2 ताइवान ने तेज किया सैन्य प्रशिक्षण

7 न्यूजीलैंड को सबक सिखाने उतरेगी टीम

# तीनों कृषि कानूनों को रद्द करने की मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल से तीन कृषि कानूनों को रद्द करने की मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया की तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। 29 नवंबर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में इन कानूनों को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा से सरकार और किसानों के बीच पिछले 14 महीने से चल रहा टकराव खत्म होने की उम्मीद बनी है।

अनुराग ठाकुर ने बताया कि कोविड महामारी के चलते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत देश के लगभग 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को 5 किलो गेंहू और चावल मुफ्त में देने की योजना को मार्च 2022 तक और 4 महीनों के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। तीन कृषि कानूनों को वापस लेने के विधेयकों को आगामी संसद सत्र में पेश किया जाएगा। भारत सरकार ने 29 नवंबर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के लिए लोकसभा बुलेटिन में द फार्म लाज रिपील बिल, 2021 को सूचीबद्ध किया गया है। संसद के दोनों सदनों से कानूनों की वापसी का विधेयक पारित होने के बाद उस पर राष्ट्रपति अंतिम मुहर लगाएंगे। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के साथ ही उसे गजट में प्रकाशित किया जाएगा।

लोकसभा बुलेटिन के अनुसार द फार्म लाज रिपील बिल, 2021 विधेयक किसान उत्पाद व्यापार और वाणिज्य मूल्य आश्वासन समझौता, कृषि सेवा अधिनियम, 2020 और आवश्यक वस्तु (संशोधन) अधिनियम, 2020 को निरस्त करने के लिए पेश किया जाएगा।

इससे पहले शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि केंद्र इस महीने के अंत में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में तीन कृषि कानूनों को निरस्त करेगा और आवश्यक विधेयक लाएगा। प्रधानमंत्री ने यह भी घोषणा की थी कि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर काम करने के लिए एक समिति का गठन करेगी। केंद्र द्वारा 2020 में कानून पारित किए जाने के बाद से ही किसान संगठन लगातार तीन कृषि कानूनों का विरोध कर रहे हैं।

## 4 महीने और बढ़ाई गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि

**ये हैं किसान संगठनों की 6 अहम मांगें**

- केंद्र सरकार के प्रतिनिधि किसान संगठनों से बात करे।
- न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाने के लिए केंद्र सरकार सहमत हो।
- प्रदर्शनकारी हजारों किसानों और उनके नेताओं पर दर्ज मुकदमे वापस हों।
- लखीपुरखीरी कांड के पीड़ितों को न्याय मिले और दोषियों पर कार्रवाई हो।
- बिजली बिल का मुद्दा
- वायु प्रदूषण को लेकर मुद्दा, जो किसानों के पराली जलाने से जुड़ा है।



### मोदी सरकार के पास सिर्फ 30 दिन का टाइमः टिकैत

दिल्ली-उत्तर प्रदेश के गाजीपुर बार्डर (यूपी गेट) पर किसानों के धरना प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने दिल्ली बार्डर खाली करने के लिए अब नई शर्त रख दी है। इस शर्त के बाबत राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार को इशारों-इशारों में नया अल्टीमेटम दिया है। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने बुधवार को साफ शब्दों में कहा है कि अगर अगले साल 26 जनवरी से पहले तक किसानों की सभी बची 6 मांगें मान ली जाएंगीं तो वे दिल्ली-एनसीआर के चारों बार्डर से चले जाएंगे।

### एमएसपी और 3 कानून पर अलग से बात होगी

नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा तीनों केंद्रीय कृषि कानूनों को रद करने के ऐलान के बावजूद भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत और संयुक्त किसान मोर्चा ने दिल्ली-एनसीआर के बार्डर पर जारी धरना खत्म करने से इनकार किया है। राकेश टिकैत का कहना है कि केंद्र सरकार से एमएसपी और 3 कानून पर अलग से बात होगी। इसके बाद एक कमीटी बन जाएगी, जो सभी मसलों पर फैसले लेती रहेगी ताकि किसानों को आंदोलन न करना पड़े। इसके साथ ही किसान नेता राकेश टिकैत ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर 30 ट्रैक्टरों पर 500 किसान दिल्ली के संसद की ओर जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### रायबरेली की विधायक अदिति सिंह ने थामा बीजेपी का दामन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश 2022 विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी की बागी विधायक अदिति सिंह ने सभी कयासों पर पूर्ण विराम लगा दिया है। रायबरेली की सदर सीट से विधायक अदिति सिंह ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। इस मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेयी समेत तमाम बीजेपी के नेता मौजूद रहे।

### अखिलेश यादव ने किया बड़ा ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। छोटे दलों के साथ गठबंधन को अंतिम रूप देने में जुटे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को बड़ा ऐलान किया। अखिलेश ने कहा कि यूपी में सपा की सरकार बनते ही किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों के परिवारों को 25-25 लाख की सहायता देंगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा कि किसान का जीवन अनमोल होता है।

# तेज हवाओं से कम हुआ प्रदूषण, आपके कदमों से नहीं

## दिल्ली में प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण के मामले पर बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि जब मौसम गंभीर होता है तो उपाय किए जाते हैं। वायु प्रदूषण को रोकने की कोशिशें पहले ही की जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह वायु प्रदूषण मामले की सुनवाई बंद नहीं करेगा और फिलहाल इस पर अंतिम आदेश नहीं देगा। अदालत ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वह इसकी सुनवाई करता रहेगा।

केंद्र की ओर से कोर्ट को बताया गया कि दिल्ली में वायु प्रदूषण में सुधार हुआ है। जहां पहले एक्यूआई 400 के पार था वह अब 290 हो गया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से तीखा सवाल करते हुए कहा, प्रदूषण तो तेज हवा से कम हुआ है, आपने क्या किया है?

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, आप बताइए प्रदूषण को रोकने के लिए क्या किया गया? आपने कहा था कि 21 नवंबर से हालात ठीक होंगे। तेज हवा की वजह से हम बच गए हैं लेकिन मौसम विभाग के अनुसार हालात आज शाम से फिर गंभीर हो सकते हैं। वहीं, केंद्र ने कोर्ट को बताया कि निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध और नहीं बढ़ाया जाएगा। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के इस सुझाव को मान लिया था कि दिल्ली एनसीआर प्रदूषण मामले पर कोई आदेश देने से पहले कोर्ट 21 नवंबर तक इंतजार किया जाए।

केंद्र का कहना था कि दीवाली में प्रतिबंध के बावजूद पटाखों के चलते प्रदूषण में इजाफा हुआ है। इसके अलावा मौसम विभाग की रिपोर्ट है कि उसके बाद से स्थितियों में सुधार होना शुरू होगा।

### तीन दिन बाद प्रदूषण का फिर रिव्यू करेगा केंद्र

केंद्र की तरफ से एक लिखित नोट में जवाब दिया गया, जिसे सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पढ़कर सुनाया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि प्रदूषण कम हुआ है। 20 नवंबर को एक्यूआई 403 था जो मंगलवार को 290 और आज 260 पर आ गया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण तेज हवा की वजह से कम हुआ है आपके कदमों की वजह से नहीं। बताइए आपने इसके लिए क्या किया है? कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या स्कूल बंद हैं तो केंद्र ने जवाब दिया कि स्कूल के बारे में दिल्ली सरकार तय करेगी।

# श्रीनगर में हुई मुठभेड़ तीन आतंकी हुए ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। श्रीनगर के रामबाग इलाके में बुधवार दोपहर बाद आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में तीन आतंकी मारे जा चुके हैं। मुठभेड़ हालांकि बंद हो गई है, लेकिन सुरक्षा बलों का आपरेशन अभी जारी है। श्रीनगर के आइजी विजय कुमार ने तीन आतंकी मारे जाने की पुष्टि की है। राहत की बात यह है कि सुरक्षा बलों को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार दोपहर को राजबाग इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने तुरंत सेना और सीआरपीएफ के जवानों के साथ मिलकर संयुक्त तलाशी अभियान इलाके में छेड़ दिया। सुरक्षा बलों का घेरा मजबूत होता देख आतंकियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। देखते ही देखते मुठभेड़ तेज हो गई। मुठभेड़ स्थल की ओर आम लोगों की आवाजाही बंद कर आतंकियों के खिलाफ अभियान तेज किया गया। शाम जब आतंकियों की ओर से काफी देर तक फायरिंग नहीं हुई तो सुरक्षा बलों ने उस जगह की तलाशी ली। इस दौरान वहां से तीन आतंकियों के शव बरामद हुए। सूत्रों के मुताबिक मारे गए आतंकियों में दो की पहचान मेहरान और बासित के रूप में हुई है। ये दोनों टीआरएफ के लिए काम करते थे। तीसरे के बारे में अभी कुछ पता नहीं चला है। हालांकि पुलिस या सुरक्षा बलों की ओर से मारे गए आतंकियों की पहचान के बारे में कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

इस मुठभेड़ से संबंधित और अधिक जानकारी का इंतजार है। बहरहाल, अभी रामबाग इलाके में सुरक्षा बलों का आपरेशन पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है।

### मुठभेड़

- मारे गए आतंकियों में दो की पहचान मेहरान और बासित के रूप में हुई


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in
Contact:


# हम तुम्हें और तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के सांसद गौतम गंभीर को आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट आफ इराक एंड सीरिया, कश्मीर से धमकी मिलने मिली है। इसके बाद दिल्ली पुलिस द्वारा उनके आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं शाम होते होते उन्हें फिर से उसी संगठन से धमकी मिली है जिस मेल से उन्हें मेल भेजा गया है उसमें उनके घर का वीडियो भी है।

दिल्ली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने दिल्ली पुलिस से संपर्क कर आरोप लगाया है कि उन्हें ISIS कश्मीर से जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी के चलते गौतम गंभीर के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

भाजपा सांसद के निजी सचिव गौरव अरोड़ा की तरफ से सेंट्रल दिल्ली पुलिस को लिखित में शिकायत दी गई है। इसमें लिखा है कि हम तुम्हें और तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे। इसके बाद दिल्ली पुलिस को जानकारी देने का कदम लिखित में उठाया गया।

### गौतम गंभीर को आईएसआईएस से मिली जान से मारने की धमकी